RAF SECTOR

NEWS CLIP

28/08/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Amar Ujala (Prayagraj,UP)

बवाल की आशंका में सहमी रही पुलिस फोर्स

बंद के आह्वान को लेकर सुरक्षा के थे कड़े इंतजाम

प्रयागराज। प्रयागराज बंद के आह्वान के दौरान मंगलवार को पुलिस दिन भर हाई अलर्ट पर रही। बवाल की आशंका थी ऐसे में अफसर पहले से ही सजग रहे। इस दौरान शहर भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रमुख स्थानों पर न सिर्फ पुलिस बल्कि पीएसी व आरएएफ के जवान भी तैनात रहे।

यही नहीं फायरब्रिगेड व पुलिस लाइन में मौजूद फोर्स को भी अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया था। सुभाष चौराहे पर एसपी सिटी बृजेश श्रीवास्तव खुद मौजूद रहकर मातहतों को दिशा-निर्देश देते रहे। उधर सीओ रत्नेश सिंह मयफोर्स कर्नलगंज, शिवकुटी व जार्जटाउन में गश्त करते रहे। दोपहर तक शांति रहने के बाद अफसरों ने राहत की सांस ली। एसपी सिटी ने बताया कि बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। कहीं भी किसी तरह की शिकायत नहीं मिली है।

Hindustan (Prayagraj,UP)

ट्रैफिक डायवर्ट कर मुस्तैद रही पुलिस

प्रयागराज | वरिष्ठ संवाददाता

प्रयागराज बंद के दौरान मंगलवार को सिविल लाइंस में तैनात आरएएफ के जवान।

प्रयागराज बंद के दौरान पुलिस अफसरों की रणनीति काम आई। वकीलों के हर जुलूस के साथ पुलिस की एक टीम लगी रही। सुभाष चौराहे पर वकीलों व व्यापारियों का जमावड़ा होने पर ट्रैफिक डायवर्ट कर चारों तरफ से पैरामिलिट्री लगा दी गई। प्रदर्शन के दौरान पुलिस वकीलों के साथ नजर आई।

एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने मंगलवार को प्रयागराज बंद को देखते हुए पहले ही रणनीति बना ली थी। शहर के प्रमुख जगहों पर थानेदारों की ड्यूटी लगा दी गई। मॉल, बस अड्डा और अन्य जगहों पर मंगलवार सुबह पिकेट नजर आने लगी थी। पुलिस को जानकारी मिल गई थी कि वकीलों के समूह बाजार बंद कराएंगे और जुलूस निकालेंगे। ऐसे में हर जुलूस के साथ थानेदार व ट्रैफिक पुलिस की गाड़ी पीछे-पीछे लगी रही। दोपहर में सिविल लाइंस में वकीलों, व्यापारियों और अन्य संगठनों का जमावड़ा होने पर बैरिकेडिंग की गई। एसएसपी और डीएम ने सिविल लाइंस का दौरा किया। सिविल लाइंस थाने भी गए और इसके बाद शहर का भ्रमण किया। दोपहर में सुभाष चौराहे पर भीड़ को देखते हुए एसपी सिटी बृजेश श्रीवास्तव और एसपी क्राइम आशुतोष मिश्र ने ट्रैफिक डायवर्ट किया। सुभाष चौराहे पर कई थानों के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स की ड्यूटी लगा दी गई। जहां पर वकील सभा कर रहे थे उधर किसी को जाने की इजाजत नहीं थी। आगे पीछे पैरामिलिट्री लगी रही।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।